हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का करें त्वरित निराकरण...



07 सड़क पर फैल रहा नाली का गंदा पानी, लोग हो...



अनुभूति की ताल पर थिरकेगा इटारसी, हरिभूमि फैमिली गरबा का भव्य शुभारंभ आज

तीन दिनों तक भक्ति, परंपरा, संगीत और उत्साह के रंग में रंगेगा शहर, भव्य आयोजन को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नवरात्रि की पावन उमंग, मां दुर्गा की आराधना, पारंपरिक गरबा की थाप और अपनों के साथ यादगार पल बिताने का उत्साह इन सभी भावनाओं को एक सूत्र में पिरोने वाला हरिभूमि प्रस्तुत अनुभूति फैमिली गरबा सीजन-5 का भव्य शुभारंभ आज 14 अक्टूबर से होने जा रहा है। शहर में पिछले कई दिनों से जिस आयोजन की चर्चा है, जिसकी तैयारियों को लेकर लोगों में उत्सुकता है और जिसकी शामों का इंतजार युवा ही नहीं, बल्कि परिवार भी कर रहे हैं, वह अनुभूति गरबा अब अपने रंग बिखेरने के लिए तैयार है। 14, 15 और 16 अक्टूबर तक इटारसी की शामें गरबा की थाप, रंग-बिरंगी रोशनी और उत्सव की उमंग से सराबोर रहेंगी।

हरिभूमि नर्मदापुरम द्वारा आयोजित अनुभूति फैमिली गरबा अब केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि शहर की नवरात्रि परंपरा, पारिवारिक मेल-मिलाप और सामूहिक उत्सव का एक खास हिस्सा बन चुका है। पांचवें वर्ष में प्रवेश कर रहा यह आयोजन अपने साथ बीते वर्षों की यादें, लोगों का विश्वास और इस बार कुछ और भव्य देखने की उम्मीद लेकर आया है। अनुभूति की पहचान ही यही है कि यहां गरबा केवल कदमों की थिरकन नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और अपनों के साथ खुशियां बांटने का माध्यम बनता है।

भव्यता ऐसी, जो दिल जीत ले

इस बार आयोजन स्थल द पार्क क्लब एंड रिसॉर्ट, इटारसी में तैयारियां खास स्तर पर की गई हैं। आकर्षक पारंपरिक प्रवेश द्वार से लेकर ग्रैंड स्टेज, बड़े स्तर पर तैयार किए गए साउंड ट्रस, शानदार लाइटिंग और उत्सव के अनुरूप सजे परिसर तक, हर व्यवस्था को एक यादगार अनुभव देने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। आयोजन में प्रवेश करते ही लोगों को नवरात्रि के उत्सव, परंपरा और आधुनिक इवेंट मैनेजमेंट का अनूठा संगम देखने को मिलेगा।



दमदार साउंड आकर्षक रोशनी कराएगी नया अहसास

शानदार संगीत, गरबा की पारंपरिक धुनों, दमदार साउंड और आकर्षक रोशनी के बीच जब सैकड़ों कदम एक साथ थिरकेंगे, तो माहौल अपने आप में उत्सव की जीवंत तस्वीर बन जाएगा। आयोजन को केवल देखने योग्य नहीं, बल्कि दिल से महसूस करने योग्य बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है।

एंकर, डीजे जॉकी और गरबा का जबरदस्त संगम

अनुभूति फैमिली गरबा में तीनों दिन मनोरंजन और उत्साह का खास संगम देखने को मिलेगा। प्रॉपर एंकरिंग, डीजे जॉकी की मौजूदगी, ऊर्जावान संगीत और गरबा के रंग में रंगा मंच आयोजन की रौनक बढ़ाएगा। प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाने से लेकर पूरे कार्यक्रम को व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाने तक, हर पहलू को ध्यान में रखकर तैयारियां की गई हैं। आयोजन की खासियत यह भी है कि यहां युवाओं के उत्साह के साथ परिवारों की सहजता और बच्चों की खुशियों को भी महत्व दिया गया है।

सुरक्षा और व्यवस्था पर विशेष ध्यान

भव्य आयोजन के साथ सुरक्षा और अनुशासन को भी प्राथमिकता दी गई है। प्रवेश और निकास की व्यवस्था, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती, महिला सुरक्षा स्टाफ, बाउंसर टीम और आयोजन प्रबंधन से जुड़े सदस्यों की जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाएं बनाई गई हैं। उद्देश्य यही है कि परिवार बिना किसी असहजता के उत्सव का आनंद ले सकें और आयोजन का हर दिन सुरक्षित, व्यवस्थित और यादगार बने।

आज से शुरू होगी उत्सव की असली अनुभूति

14, 15 और 16 अक्टूबर को द पार्क क्लब एंड रिसॉर्ट में आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय उत्सव को लेकर शहर में खास उत्साह है। आयोजन के तीसरे दिन 16 अक्टूबर को लोकप्रिय अभिनेत्री शुभांगी अत्रे की मौजूदगी भी कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहेगी। वहीं, पूरे आयोजन में एंकरिंग और मंच संचालन की जिम्मेदारी सलोनी झा संभालेंगी। अब इंतजार खत्म होने जा रहा है। अनुभूति का संदेश भी यही है—गरबा सिर्फ नृत्य नहीं, हमारी संस्कृति है; सिर्फ आयोजन नहीं, अपनों के साथ बिताए जाने वाले अनमोल पलों का उत्सव है। नवरात्रि का असली आनंद तभी है, जब आस्था के साथ खुशियां जुड़ें, परंपरा के साथ नई पीढ़ी जुड़े और पूरा शहर उत्सव के रंग में रंग जाए। अनुभूति फैमिली गरबा इसी भावना को साकार करने की एक कोशिश है।

सहभागिता का प्रोत्साहन



नवरात्रि भारतीय संस्कृति, आस्था और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। हरिभूमि प्रस्तुत अनुभूति फैमिली गरबा जैसे आयोजन हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सराहनीय माध्यम हैं। इस आयोजन से आपसी सद्भाव और पारिवारिक सहभागिता को प्रोत्साहन मिलेगा। आयोजन की सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।

सोमेश मिश्रा, कलेक्टर नर्मदापुरम

स्मृतियां लेकर लौटें नागरिक



नवरात्रि का पर्व उत्साह, भक्ति और सामूहिक उल्लास का अवसर है। अनुभूति फैमिली गरबा जैसे सांस्कृतिक आयोजन समाज को एकजुट करने के साथ हमारी परंपराओं को जीवंत बनाए रखते हैं। मेरी शुभकामना है कि यह आयोजन हर्षोल्लास, अनुशासन और सुरक्षित वातावरण के साथ संपन्न हो तथा सभी प्रतिभागी स्मृतियां लेकर लौटें।

साईं कृष्णा एस. थोटा, पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम

प्रतिभाओं को बढ़ावा मिलेगा



इटारसी में अनुभूति फैमिली गरबा का आयोजन सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में एक अच्छा प्रयास है। ऐसे आयोजन हमारी परंपराओं के संरक्षण के साथ शहर में सामाजिक सहभागिता और सकारात्मक वातावरण का निर्माण करते हैं। सभी प्रतिभागियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं एवं आयोजन के लिए हार्दिक बधाई।

निलेश शर्मा, एसडीएम इटारसी

सकारात्मक ऊर्जा का संचार



नवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारी परंपराओं को सहेजने और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने का अवसर प्रदान करते हैं। अनुभूति फैमिली गरबा में शामिल होने वाले सभी नागरिक उत्साह के साथ-साथ अनुशासन और आपसी सहयोग का परिचय दें। आयोजन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।

सौरभ पांडे, थाना प्रभारी इटारसी

उत्सव का आनंद लें नागरिक



गरबा हमारी सांस्कृतिक विरासत और सामूहिक उत्साह का प्रतीक है। अनुभूति फैमिली गरबा जैसे आयोजन लोगों को एक मंच पर लाकर आपसी सौहार्द और सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। मेरी शुभकामना है कि यह तीन दिवसीय आयोजन उल्लास, अनुशासन और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो। सभी लोग उत्सव का आनंद लें।

वीरेंद्र मिश्रा, एसडीओपी इटारसी

शहर को नई पहचान मिलेगी



अनुभूति फैमिली गरबा जैसे आयोजन शहर की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने के साथ नागरिकों को उत्सव के माध्यम से जोड़ते हैं। नवरात्रि का यह पावन पर्व स्वच्छता, सौहार्द और सकारात्मकता का संदेश भी देता है। मेरी शुभकामना है कि यह आयोजन भव्यता के साथ सफल हो और इटारसी की सांस्कृतिक गरिमा को नई पहचान मिले।

सुरेखा जाटव, सीएमओ

आयोजन की शुभकामनाएं



इटारसी में हरिभूमि प्रस्तुत अनुभूति फैमिली गरबा का आयोजन शहर के लिए खुशी और गौरव का अवसर है। ऐसे आयोजन हमारी परंपराओं को आगे बढ़ाने के साथ परिवारों और युवाओं को एक साथ उत्सव मनाने का अवसर देते हैं। मेरी ओर से आयोजन समिति को इस शानदार पहल के लिए बधाई और आयोजन की हार्दिक शुभकामनाएं।

राजुल अग्रवाल, व्यवसायी एवं समाजसेवी

आयोजन एक सराहनीय प्रयास



नवरात्रि का पर्व मां दुर्गा की आराधना के साथ उमंग, उत्साह और एकता का संदेश देता है। अनुभूति फैमिली गरबा इटारसी में सांस्कृतिक उत्सव की परंपरा को और समृद्ध करने का सराहनीय प्रयास है। मुझे विश्वास है कि यह आयोजन अपनी भव्यता और बेहतर व्यवस्थाओं के माध्यम से लोगों के लिए यादगार बनेगा। पूरी टीम को शुभकामनाएं।

विपिन चांडक, व्यवसायी एवं समाजसेवी

लोगों का है आत्मीय जुड़ाव



अनुभूति फैमिली गरबा जैसे आयोजन किसी शहर की सांस्कृतिक जीवंतता और सामूहिक उत्साह को दर्शाते हैं। इटारसी में लगातार पांचवें वर्ष इस आयोजन का होना इसकी लोकप्रियता और लोगों के जुड़ाव को प्रदर्शित करता है। इस वर्ष भी गरबा की थाप पर शहर में खुशियां बिखरें और आयोजन नई सफलता के आयाम स्थापित करे।

सचिन मालवीय, व्यवसायी एवं समाजसेवी

सांस्कृतिक गौरव का पर्व



नवरात्रि हमारी आस्था, शक्ति और सांस्कृतिक गौरव का पर्व है। अनुभूति फैमिली गरबा के माध्यम से इटारसी में धार्मिक भावनाओं, पारंपरिक गरबा और सामाजिक एकता का सुंदर संगम देखने को मिलेगा। ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने और हमारी सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आयोजन की शुभकामनाएं।

कुलदीप रघुवंशी, भाजपा नेता एवं समाजसेवी

यादगार बनेगा आयोजन



आज के दौर में ऐसे आयोजन बेहद महत्वपूर्ण हैं, जो नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ते हैं। अनुभूति फैमिली गरबा इसी उद्देश्य को सुंदर रूप में प्रस्तुत करता है। संगीत, नृत्य, आस्था और पारिवारिक सहभागिता से सजा यह उत्सव इटारसी के लोगों के लिए यादगार साबित हो। आयोजन समिति को मेरी ओर से शुभकामनाएं।

आदित्य अग्रवाल, व्यवसायी एवं समाजसेवी

उत्साह के साथ तैयारियां



अनुभूति फैमिली गरबा को भव्य और यादगार बनाने के लिए पूरी टीम ने उत्साह और समर्पण के साथ तैयारियां की हैं। हमारा प्रयास है कि यहां आने वाला प्रत्येक व्यक्ति गरबा, संगीत और नवरात्रि की उमंग के साथ एक खूबसूरत अनुभव लेकर जाए। सभी नागरिकों का सहयोग और सहभागिता ही इस आयोजन की असली ताकत है। नवरात्रि की शुभकामनाएं।

हर्ष आर्य, कार्यक्रम सहयोगी



खबर संक्षेप

अनुसूचित जनजातीय मोर्चा के जिला पदाधिकारी व मंडल अध्यक्ष घोषित

बैतूल। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक बैतूल हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज टेकाम, संभाग संगठन प्रभारी कांतदेवसिंह, जिला संगठन प्रभारी सूदर्शन गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार की सहमति से अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष संतोष टेकाम ने जिला पदाधिकारी एवं 29 मंडल अध्यक्षों की घोषणा की है। शेष एक मंडल अध्यक्ष की घोषणा भी शीघ्र ही कर दी जाएगी। घोषित जिला पदाधिकारी में राजकुमार इवने (काजली) को जिला आईटी प्रभारी, धीरज पांसे (भैसदेही) को सह जिला आईटी प्रभारी बनाया गया है। इसी प्रकार मंडल अध्यक्षों में बैतूल गंज अंकित प्रधान, खेड़ी सावलीगढ तूलसीराम धुर्वे, बडोरा पिंटू काकोडिया, बैतूलबाजार शंकर उइके, आठनेर नगर भरत धुर्वे, आमला नगर कैलाश परते, बोरदेही रतन धुर्वे, मोरखा सुरेश उइके, सारनी नगर अनिल गुडडू नर्रे, बगडोना रामसिंग मर्सकोले, मुलताई नगर दिपेश सरियाम, सांईखेडा रमेश सरियाम, दुनावा धर्मेन्द्र उइके, प्रभातपटटन शिवप्रसाद धुर्वे, मासोद अजय उइके, घोडाडोगरी कैलाश वटटी, पाढर चैनसिंग परते, चोपना अरविंद धुर्वे, शाहपुर मूकेश इवने,भौरा महादेव मर्सकोले, चिचोली नगर परसराम गंजाम, चिरापाटला रामविलास धुर्वे, भैसदेही नगर रविकिशोर अखण्डे, झल्लार सुनील उइके, सावलमेंढा सोमदास उइके, भीमपुर मिनांग भुसूमकर, रतनपुर अजोबसिंग चौहान, दामजीपुरा अशोक इवने और हिडली मंडल अध्यक्ष के पद पर शिवप्रसाद कवडे को नियुक्त किया गया है।

जनगणना 2027 के द्वितीय चरण अंतर्गत जिला एवं चार्ज स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न

बैतूल। भारत की जनगणना 2027 के द्वितीय चरण यथा जनसंख्या गणना के लिए कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिला एवं चार्ज स्तर पर कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनसंख्या गणना की प्रक्रिया, डिजिटल प्रणालियों तथा प्रशासनिक दायित्वों के संबंध में विस्तृत एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। जिला योजना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी श्री नरेन्द्र कुमार गौतम ने बताया कि प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में प्रदान की गई जानकारी के पुनरावलोकन तथा प्रतिभागियों की शंकाओं के समाधान के साथ द्वितीय दिवस का प्रारंभ हुआ। इसके पश्चात पीई मोबाइल ऐप के सेटअप, संचालन एवं विभिन्न कार्यक्षमताओं के संबंध में विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया गया।

रेत और गिट्टी के अवैध परिवहन में संलिप्त 4 वाहन किए जब्त

बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 13 अक्टूबर को खनिज विभाग बैतूल द्वारा खनिज अमले के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। खनिज अमले द्वारा सारणी क्षेत्रांतर्गत गौण खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 1 वाहन ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 48 एए 8021 पर कार्यवाही करते हुए उक्त वाहन को जब्त कर पुलिस थाना सारणी की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। इसी प्रकार सहायक खनि अधिकारी एवं खनि निरीक्षक बैतूल द्वारा खनिज अमले के साथ आमला-बोरदेही क्षेत्रांतर्गत खनिज गिट्टी के अवैध परिवहन में संलिप्त 2 वाहनों कमशः ट्रैक्टर क्रमांक आरजे 54 आरए 0797 व बिना नंबर जॉन डियर ट्रैक्टर एवं मुलताई क्षेत्रांतर्गत खनिज गिट्टी के अवैध परिवहन में संलिप्त 1 वाहन महिंद्रा ट्रैक्टर 555 बिना नंबर को जब्त कर समीपस्थ पुलिस थानों की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। खनिज विभाग बैतूल द्वारा कुल 04 वाहनों को जप्त कर खनिज नियमों के तहत कार्यवाही करते हुए अर्थदण्ड की 1,20,000 की राशि प्रस्तावित की गई है।

कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का करें त्वरित निराकरणः कलेक्टर सोनवणे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



कलेक्टर डॉ.सौरभ संजय सोनवणे ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, भूमि विवाद, पेंशन, आवास, बिजली, पानी सहित अन्य विभागों से जुड़ी कई शिकायतें प्राप्त हुई। इस दौरान उन्होंने कई प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर मौके पर ही निराकरण करवाया, वहीं शेष मामलों में समय-सीमा तय करते हुए अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में आमला तहसील के जमदेहीकला निवासी किशन यादव ने पुत्र द्वारा जमीन पर कब्जा किए जाने संबंधी शिकायत की, जिस पर कलेक्टर ने आमला एसडीएम को शिकायतकर्ता एवं पुत्र के समक्ष बुलाकर समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक आवेदन पर गंभीरता से कार्रवाई की जाए। आवेदनों का त्वरित एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। इस दौरान जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस अवसर पर सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।



अवैध कब्जा हटाने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में आमला तहसील के ग्राम नजरपुर निवासी विजय सूर्यवंशी ने अनावेदकगणों से निजी भूमि का कब्जा दिलाये जाने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने आमला तहसीलदार को जांच कर आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम अटारी निवासी पंजाबराव ने कृषि भूमि पर कब्जा करने तथा न्यायालय के आदेशों का पालन नहीं किए जाने संबंधी शिकायत की, जिस पर कलेक्टर ने चिचोली तहसीलदार को जांच कर आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। बोरगांव निवासी ईलम सिंह ने नामांतरण निरस्त किए जाने के संबंध में आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर उन्होंने संबंधित एसडीएम को जांच कर आवेदक की समस्या की निराकरण के निर्देश दिए। हमलापुर क्षेत्र में रोड बंद किए जाने संबंधी शिकायत पर उन्होंने तहसीलदार बैतूल को जांच कर शीघ्र आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। बैतूल बाजार निवासी सरस्वती ने प्रचलित रास्ते को जेसीबी मशीन एवं ट्रैक्टर की मदद से नष्ट कर रास्ता अवरुद्ध किए जाने की शिकायत की, जिस पर कलेक्टर ने बैतूल बाजार तहसीलदार को जांच कर आवेदक की समस्या के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

फर्जी सील-साइन से राशि आहरण के आरोप, कलेक्टर से जांच की मांग

मस्टर रोल और निर्माण कार्यों में अनियमितताओं की शिकायत, सचिव और सरपंच पर कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

ग्राम पंचायत बघवाड़ में फर्जी सील और हस्ताक्षरों के जरिए शासकीय राशि आहरित करने सहित वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगे हैं। शिकायतकर्ता चैतराम कासदेकर ने कलेक्टर से शिकायत कर मामले की निष्पक्ष जांच, पंचायत के रिकॉर्ड का परीक्षण और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में पंचायत सचिव और सरपंच की भूमिका पर सवाल उठाए गए हैं।

मजदूरी भुगतान में फर्जीवाड़े का आरोप

शिकायत के अनुसार, पांचवें वित्त आयोग के तहत गांव में साफ-सफाई कार्य के लिए 18 से 30 मई 2026 की अवधि का 13,572 रुपये का मजदूरी भुगतान दर्शाया गया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि भुगतान संबंधी दस्तावेजों में सचिव की सील पर सरपंच के हस्ताक्षर और सरपंच की सील पर सचिव के हस्ताक्षर किए गए। साथ ही मस्टर रोल में ऐसे लोगों के नाम दर्ज कर मजदूरी भुगतान दिखाने का आरोप है, जिन्होंने वास्तव में काम नहीं किया। दस्तावेजों में सात लोगों को 261 रुपये प्रतिदिन की दर से कुल 13,572 रुपये का भुगतान दर्शाया गया है। शिकायतकर्ता ने भुगतान की वास्तविकता और संबंधित बैंक खातों की जांच कराने की मांग की है।

पोर्टल पर दर्ज निर्माण कार्यों पर सवाल

शिकायत में पंचायत दर्पण पोर्टल पर दर्ज निर्माण कार्यों की स्थिति पर भी सवाल उठाए गए हैं। आरोप है कि ठंकीवक क्षेत्र में तरल एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना के तहत स्वीकृत हेडपंप रिचार्ज पिट और सामुदायिक लीच पिट के कुछ कार्य लंबे समय से प्रगतिरत दर्ज हैं, जबकि मौके पर काम नहीं हुआ है। इनमें 1.30 लाख रुपये का हेडपंप रिचार्ज पिट, 60 हजार रुपये का सामुदायिक लीच पिट और 41 हजार रुपये का एक अन्य सामुदायिक लीच पिट शामिल हैं। इसके अलावा श्मशान घाट और सामुदायिक भवन के निर्माण में कथित तौर पर घटिया सामग्री का इस्तेमाल किए जाने की भी जांच की मांग की गई है।

ग्रामसभा में विवाद और धमकी देने का आरोप

शिकायतकर्ता के अनुसार, 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर आयोजित विशेष ग्रामसभा में उन्होंने सफाई कार्य के भुगतान और निर्माण सामग्री की खरीदी से संबंधित जानकारी मांगी थी। आरोप है कि इस दौरान उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। चैतराम कासदेकर ने कलेक्टर से 2 अक्टूबर के पंचायत भवन के सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित कर जांच कराने, पुराने मस्टर रोल और भुगतान अभिलेखों की जांच, निर्माण कार्यों का तकनीकी ऑडिट तथा पंचायत सचिव और सरपंच की भूमिका की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। शिकायत में सचिव की लंबे समय से पदस्थापना का उल्लेख करते हुए उनके और सरपंच के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई तथा दोष सिद्ध होने पर पद से पृथक करने की मांग भी की गई है।

केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में लहराया परचम



सारणी। वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि), पाथाखेड़ा क्षेत्र द्वारा 'सतर्कता जागरूकता अभियान - 2026' के अंतर्गत क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र (जीवीटीसी), पाथाखेड़ा में भाषण प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय सत्य निष्ठा से समृद्धि रखा गया था, जिसमें पाथाखेड़ा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय सारणी के कक्षा 12वीं के प्रतिभावान विद्यार्थियों— राशी, सिया, तनुश्री, छवि एवं सजिया ने अपनी उत्कृष्ट वाक कला और विचारों का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की इस प्रभावी प्रस्तुति के बल पर केंद्रीय विद्यालय सारणी ने प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन में मार्गदर्शक शिक्षक मनराज मीणा एवं अनुरक्षक कृष्ण मुरारी की सराहनीय भूमिका रही, जिनके कुशल मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने यह उपलब्धि हासिल की। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता और उत्कृष्ट प्रदर्शन पर केंद्रीय विद्यालय सारणी के प्राचार्य प्रशांत पैलवार ने अत्यंत हर्ष व्यक्त करते हुए प्रतिभागी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों तथा मार्गदर्शन करने वाले सभी शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, सत्यनिष्ठा और नेतृत्व क्षमता का विकास करती हैं।

कम वर्षा की स्थिति में फसल परिवर्तन और सूखा प्रबंधन के लिए कर रहे जागरूक

चना, मसूर, सरसों और अलसी की खेती अपनाने की दी सलाह

बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार जिले में कम वर्षा की स्थिति को देखते हुए कृषि विभाग द्वारा किसानों को सूखा प्रबंधन, वैकल्पिक फसल चयन एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न विकासखंडों के ग्रामों में रात्रि चौपाल एवं किसान संगोष्ठियों का आयोजन कर किसानों को रबी सीजन में कम पानी में तैयार होने वाली फसलों की खेती अपनाने की सलाह दी गई। कृषि विभाग ने किसानों को गेहूं एवं गन्ने के स्थान पर चना, मसूर, सरसों, अलसी और कुसुम जैसी वैकल्पिक फसलें लेने के लिए प्रेरित किया।

अंधारिया में रात्रि चौपाल का आयोजन



विकासखंड आमला की ग्राम पंचायत अंधारियां में 12 अक्टूबर को आयोजित रात्रि चौपाल में कृषि विभाग द्वारा किसानों को कम वर्षा की स्थिति में फसल चयन एवं सूखा प्रबंधन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। किसानों को गेहूं के स्थान पर चना, मसूर, सरसों एवं अलसी की फसल लेने की सलाह दी गई। साथ ही मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना, ई-कृषि यंत्र अनुदान योजना तथा सोलर पंप सहित विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

जामठी में किसान संगोष्ठी आयोजित

विकासखंड आठनेर के ग्राम जामठी में आयोजित किसान संगोष्ठी में कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को कम वर्षा की स्थिति में फसल परिवर्तन की आवश्यकता समझाई। किसानों को गेहूं के स्थान पर चना, मसूर, सरसों, अलसी एवं कुसुम की खेती अपनाने की सलाह दी गई। इस दौरान सूखा प्रबंधन के तकनीकी उपायों, रबी फसल प्रदर्शन तथा प्रमाणित बीज वितरण योजना की जानकारी दी गई। साथ ही मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना, ई-कृषि यंत्र अनुदान एवं सोलर पंप योजना के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की गई।

मुढ़ा में फसल चयन एवं शासकीय योजनाओं की दी जानकारी

विकासखंड शाहपुर की ग्राम पंचायत मुढ़ा में कम वर्षा की स्थिति को ध्यान में रखते हुए किसानों को उपयुक्त फसल चयन एवं कृषि विभाग की योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त विकासखंड शाहपुर में एसडीएम, जनपद पंचायत सीईओ, तहसील कार्यालय एवं कृषि विभाग के कार्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय कर फ्लेक्स एवं पोस्टर लगाए गए हैं। शाहपुर कॉलेज में आयोजित युवा रोजगार सम्मेलन के मंच का उपयोग करते हुए युवाओं एवं जनप्रतिनिधियों को कम वर्षा की स्थिति में फसल परिवर्तन के महत्व से अवगत कराया गया।

अपराजिता कार्यक्रम के तहत...

150 बालिकाओं एवं महिलाओं को दिया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

महिला एवं बाल विकास विभाग बैतूल द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत अपराजिता कार्यक्रम के तहत मार्शल आर्ट जुड़ो, कराटे का प्रशिक्षण बालिकाओं एवं महिलाओं को दिया गया। यह प्रशिक्षण विगत 28 सितम्बर से शुरू होकर 12 अक्टूबर तक, 15 दिन तक महिला आईटीआई संस्था कोसमी में चलाया गया। इसमें जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग से जुड़ी मास्टर ट्रेनर्स के रूप में कुमारी निशा कुम्हारे एवं कुमारी सरिता शेषकर ने बालिकाओं एवं महिलाओं को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 150 बालिकाओं व महिलाएं शामिल हुई। प्रशिक्षण का समापन मंगलवार 13 अक्टूबर को हुआ। इस मौके पर बालिकाओं ने आत्म रक्षा कैसे की जाती हैं, का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंत में बालिकाओं को जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग प्रफुल्ल कुमार खत्री, सहायक संचालक ब्रजेश कुमार वर्मा, महिला आईटीआई के प्राचार्य अजीश पन्द्रे ने प्रमाण पत्र वितरण कर उनका हौंसला बढ़ाया।

डॉ.अरुण जयसिंगपुरे बने चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक



बैतूल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक बैतूल हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ.विशाल बघेल , भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार की सहमति से डॉ.अरूण जयसिंगपुरे को चिकित्सा प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया है। इस अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन बैतूल में डा.अरूण जयसिंगपुरे शाल श्रीफल भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री कमलेशसिंह, जिला उपाध्यक्ष इंद्रपाल पुण्डे, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विक्रम वैद्य, मंडल अध्यक्ष विकास मिश्रा, डा.अरूण उच्चसरे, कृष्णा अमरूते, बिल्लो पंवार, मीडिया प्रभारी सूर्यदीप त्रिवेदी, सह मीडिया प्रभारी सतीश साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

सेवा भारती की अनूठी पहल, सेवा बस्ती में कर रहा कन्या पूजन

बैतूल। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सेवा भारती द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी कन्या पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस बार के आयोजन संपन्न सीधे सेवा बस्तियों में जाकर ऐसे वंचित क्षेत्रों में संपन्न हो रहे हैं जहां पर संस्था द्वारा संस्कार केंद्र आयोजित किए जाते हैं। जिन संस्कार केन्द्रो में रहने वाले बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है और ऐसे में जब कन्या पूजन एवं सहभोज का आयोजन बस्तियों में ही आयोजित हो रहा है तो वहां के रहने वाला समाजजन,कन्या पूजन में आने वाली बालिकाएं नगर के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों अपने बीच पाकर अभीभूत भी हो रहे हैं और पूरे कार्यक्रम में बढ़-चढकर का हिस्सा ले रहे हैं। सेवा भारती नगर अध्यक्ष गजेंद्र पवार ने बताया कि यह जो कार्यक्रम हो रहे हैं यह संस्कार केंद्र को संचालन करने वाली समिति जो उसे बस्ती में ही रहती है वहीं इसकी पूरी व्यवस्था कर रही है जिसमें टेंट, मंच, भोजन प्रसादी एवं वार्ड में रहने वाली कन्याओं की को आमंत्रित करने से लेकर भोजन प्रसादी की संपूर्ण व्यवस्था वहां बस्ती समिति द्वारा की जा रही है।



कार्यक्रम में मुख्य रूप से सेवा भारती जिला अध्यक्ष मुकेश खंडेलवाल, विभाग सह सेवा प्रमुख अभिषेक खंडेलवाल, जिला सचिव डॉ.अरूण जयसिंहपूरे, कोषाध्यक्ष श्रीकांत अग्रवाल, पंकज साबले, दिनेश खाकरे, सदस्य सीमांत शुक्ला, नगर सचिव महेश पवार, जिला सेवा प्रमुख श्री शिवराज, नगर सेवा प्रमुख रामदास, सेवा भारती विभाग समन्वयक शिवप्रताप लोधी, मातृछाया प्रबंधक विवेक शर्मा, कोठी बाजार मंडल महामंत्री भावेश, प्रतिनिधि पार्षद राजेश मानकर, पार्षद किरन खातरकर, महिला मंडल से साक्षी शर्मा, रीता दत्त, सरिता राठौर, पूनम खंडेलवाल, शीला दुबे वरुण लोखंडे, कविता पाटिल, संस्कार केंद्र प्रभारी छाया विश्वकर्मा, कल्पना पाटिल एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

स्वच्छता में लापरवाही पर लैब टेक्नीशियन पर 500 रुपए का जुर्माना, 10 दिन में पोस्टमार्टम कक्ष शुरू करने के निर्देश

सीएमएचओ ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी

नवागत सीएमएचओ बैतूल डॉ. संजीव शर्मा ने मंगलवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाथाखेड़ा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में डॉक्टरों एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों की उपस्थिति तो संतोषजनक मिली, लेकिन स्वच्छता व्यवस्था में गंभीर लापरवाही सामने आई। इस पर सीएमएचओ ने सख्त कार्रवाई करते हुए लैब टेक्नीशियन आशीष सोनी पर 500 रुपये का जुर्माना लगाया। कार्रवाई से अस्पताल प्रबंधन में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में चौकीदार एवं फार्मासिस्ट के पद रिक्त पाए गए। इस पर सीएमएचओ ने जल्द ही रिक्त पदों को भरने की बात कही। वहीं बदहाल पोस्टमार्टम कक्ष का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को 10 दिनों के भीतर आवश्यक सुधार कर इसे शुरू करने के निर्देश दिए। सीएमएचओ ने पोस्टमार्टम व्यवस्था को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले पोस्टमार्टम की जिम्मेदारी स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी को सौंपी गई है, जबकि शहरी क्षेत्र के पोस्टमार्टम की जिम्मेदारी डॉ. बड़ोदिया को दी गई है।

दरअसल, सारनी, पाथाखेड़ा, शोभापुर एवं बगडोना क्षेत्र में बड़ी आबादी होने के बावजूद पोस्टमार्टम की समुचित व्यवस्था नहीं है। स्थानीय लोगों और पुलिस प्रशासन को संदिग्ध मौत के मामलों में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पोस्टमार्टम के लिए





शवों को करीब 40 किमी दूर ले जाना पड़ता है। ऐसे में पोस्टमार्टम कक्ष को शुरू करने के निर्देश को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

ओपीडी बढ़ाने और प्रसव संख्या में सुधार के निर्देश

निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डा. शर्मा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की संख्या और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर भी नाराजगी जताई। अधिकारियों ने प्रतिदिन ओपीडी में 50 से अधिक मरीजों की जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वर्तमान में ओपीडी का आंकड़ा निर्धारित लक्ष्य से काफी कम है। इसके अलावा स्वास्थ्य केंद्र में संस्थागत प्रसव की संख्या बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों के अनुसार, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिमाह 25 से 30 गर्भवती महिलाओं का प्रसव कराने का लक्ष्य है, जबकि वर्तमान में पूरे महीने में केवल 9 से 10 प्रसव ही हो पा रहे हैं। इस स्थिति में सुधार लाने के लिए स्वास्थ्य केंद्र प्रबंधन को आवश्यक प्रयास करने के निर्देश दिए गए हैं।

इनका कहना है...

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण में कुछ कमियां मिली हैं, जिन्हें दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वच्छता में लापरवाही बरतने पर 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही 10 दिनों के भीतर पोस्टमार्टम कक्ष शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

डॉ. संजीव शर्मा, सीएमएचओ, बैतूल

प्रभारी सीएमएचओ ने सिविल अस्पताल आमला का किया निरीक्षण



बैतूल। सीएमएचओ डॉ. संजीव शर्मा ने 13 अक्टूबर मंगलवार को सिविल अस्पताल आमला और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पाथाखेड़ा का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया । सिविल अस्पताल आमला के निरीक्षण के दौरान उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, मेटरनिटी वार्ड, कोल्ड चेन टीकाकरण कक्ष का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान पीएसी वार्ड में भर्ती महिलाओं से चर्चा कर दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली। इस दौरान उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर न करने पर एक नर्सिंग ऑफिसर को कारण बताओं नोटिस एवं सार्थक एप में उपस्थिति दर्ज न करने पर नर्सिंग ऑफिसर का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्टाफ को समय पर अपने कार्य पर उपस्थित रहने एवं निर्धारित समय पर सार्थक एप पर उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए। वहीं अस्पताल की सफाई नियमित रूप से करवाने के बीएमओ को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रदीप जयंत मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

1972 से विराजमान की जा रही देवी प्रतिमा

पचमढ़ी । खेरापति प्रांगण दफाई मोहल्ला वार्ड क्रमांक 3 पचमढ़ी में



विराजित मां दुर्गा भवानी की प्रतिमा सन- 1972 से निरंतर सद्भावना का प्रतीक मानी जाती आई है। पूरा मोहल्ला एक जुट होकर माता की आराधना में दिन रात निरंतर नए नए आयोजन करता है। पचमढ़ी नगर की पहचान मां खैर माई मंदिर प्रांगण में विराजित मां नवदुर्गा की प्रतिमा भक्तों में आकर्षण का केन्द्र बनी हुए है। खैर माई मंदिर में प्रतिवर्ष नगर भोज का आयोजन किया जाता है।

पटाखा बिक्री का लाइसेंस अब ऑनलाइन मिलेगा

नर्मदापुरम। दीपावली 2026 के अवसर पर पटाखों के अस्थायी विक्रय लाइसेंस के लिए जिला प्रशासन ने ऑनलाइन व्यवस्था शुरू की है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग के निर्देशानुसार विस्फोटक नियम 2018 और संशोधित नियम 2019 के तहत LE-5 प्रारूप में लाइसेंस केवल ऑनलाइन माध्यम http://services.mp.gov.in से ही जारी होंगे।

जनसुनवाई में 111 आवेदनों पर की गई सुनवाई

ई प्रकरणों का मौके पर किया निराकरण अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सहित सभी विकासखण्डों में जनसुनवाई आयोजित की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं। श्री मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें।

जनसुनवाई के दौरान राजस्व, भूमि विवाद, पेंशन, आवास, बिजली सहित अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुई। इस दौरान उन्होंने कई प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर मौके पर ही निराकरण कराया, वहीं शेष मामलों में समय-सीमा तय करते हुए अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में ग्राम नदीपुरा निवासी आरती उइके ने आवेदन देते हुए बताया के आंगनवाड़ी भर्ती की मेरिट सूची में स्नातक के अंक जोड़ने एवं मेरिट सूची में संशोधन करने हेतु आवेदन दिया। जिस पर श्री मिश्रा ने संबंधित अधिकारी को जांच कर शीघ्र सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए।

एक अन्य मामले में पिपरिया निवासी सचिन शर्मा ने ग्राम उमरधा स्थित शासकीय भूमि के सीमांकन एवं अभिलेखिय जाँच कराने के सम्बन्ध मे आवेदन दिया। जिस पर श्री मिश्रा ने अनुविभागीय अधिकारी पिपरिया को जाँच कर उचित कार्यवाही करनें के निर्देश दिए। इसी प्रकार पीपल मोहल्ला इटारसी निवास नसरीन-बी ने घरेलू बिजली बिल सुधार के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर श्री मिश्रा ने डीजीएम विधुत विभाग को जांच कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री राजेश शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। अन्य अधिकारियों ने भी जनसुनवाई में पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनके त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए कार्रवाई सुनिश्चित की।

नागरिकों ने की नप द्वारा बढ़ाए गए संपत्ति कर को लेकर एसडीएम से चर्चा, संशोधन की मांग

सोहागपुर। सोहागपुर नगर परिषद द्वारा संपत्ति कर में बढ़ोतरी की गई है। जिसे लेकर चर्चाओं का दौर है कि वृद्धि का प्रतिशत ज्यादा है। इस समस्या को लेकर कुछ नागरिकों ने मंगलवार को एसडीएम डॉक्टर बबीता राठौर से अनौपचारिक भेंटकर संशोधन की मांग की है। नागरिकों ने एसडीएम डॉक्टर राठौर को बताया कि सोहागपुर शहर में नगर निकाय द्वारा संपत्ति कर में दोगुनी से अधिक की बढ़ोतरी की गई है। जिससे नागरिकों की जेब पर भार बढ़ गया है एवं गत वर्ष तक संपत्ति कर के रूप में दी जाने वाली राशि अब दोगुने से अधिक हो गई है। जिसकी व्यवस्था जुटा पाना सभी वर्ग के नागरिकों के लिए आसान नहीं है। नागरिकों ने एसडीएम डॉक्टर बबीता राठौर से मांग की है कि दर का पुनः निर्धारण कर बढ़त प्रतिशत को कम कराएं। ताकि नागरिकों को अधिक कर चुकाने की समस्या से छुटकारा मिल सके। नागरिकों से चर्चा में एसडीएम डॉक्टर बबीता राठौर ने कहा कि संपत्ति कर का बढ़ाया जाना किसी एक निकाय का कार्य नहीं है। समूचे मध्य प्रदेश में शासकीय आदेशों पर निकाय द्वारा संपत्ति कर की बढ़ोतरी की गई है।

सड़क पर फैल रहा नाली का गंदा पानी, लोग हो रहे परेशान

नवरात्रि में भक्तों का मंदिर पहुंचना मुश्किल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर शहर में कई जगह नालियों तथा घरों का गंदा पानी आवाजाही के मुख्य मार्गों पर फैल रहा है। जिसके कारण नागरिकों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। इस स्थिति से नागरिक परेशान हैं।

शहरवासियों ने बताया कि कहीं-कहीं तो देवी मंदिरों के मुख्य मार्गों पर ही नाली की गंदगी फैली हुई है। जिससे देवीभक्तों को मंदिर पहुंचने में बड़ी परेशानी हो रही है। इस तरह के हालात जवाहर वार्ड, अंबेडकर वार्ड, गौतम वार्ड, रामगंज वार्ड तथा सरदार वार्ड में सर्वाधिक देखने को मिल रहे हैं। जहां मुख्य मार्गों पर ही नालियों का गंदा पानी फैल रहा है तथा गंदे पानी से होते हुए मां दुर्गा के भक्तों को सुबह-सुबह जलाभिषेक के लिए मंदिर पहुंचना पड़ रहा है। नागरिकों में इस तरह की स्थितियों पर अत्यधिक रोष है कि निकाय की सफाई व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित है। कुछ जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के आग्रह के बाद भी सुधार नहीं हो रहा है।

मंत्री, सुश्री निर्मला भूरिया जिले के दौरे पर आज

नर्मदापुरम। मंत्री, महिला एवं बाल विकास सुश्री निर्मला भूरिया बुधवार, 14 अक्टूबर 2026 को जिले के दौरे पर रहेंगी। जारी कार्यक्रम अनुसार मंत्री, सुश्री भूरिया 14 अक्टूबर को शाम 6 बजे भोपाल से नर्मदापुरम के लिए प्रस्थान करेंगी। मंत्री, भूरिया रात्रि 7:30 बजे रेनट्री रिसोर्ट, हरदा बायपास, नर्मदापुरम में आयोजित महिला सशक्तीकरण 'शक्ति शौर्य महारास' कार्यक्रम में सहभागिता करेंगी।

हरि झंडी दिखाकर रथ किया गया रवाना, मरीजों का होगा ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



66 बुजुर्गों की आँखों में दशहरा दीपावली से पहले लौटेगी रोशनी , ऑपरेशन के लिए के लिए सेवा सदन भोपाल भेजा गया है। जिले को मोतियाबिंद से मुक्त बनाने के लिए बीते एक दशक से समाजसेवियों की टीम जुड़ी है मोतियाबिंद से पीड़ित लोगों की पहचान करने के लिए शहर से लेकर गांव तक अभियान चलाकर इन्हें खोजकर निशुल्क ऑपरेशन कराए जा रहे हैं। इसी कड़ी में लायंस क्लब एवं गायत्री परिवार माखन नगर ने मंगलवार को सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र गायत्री मंदिर में आंखों की जांच के लिए शिविर का आयोजन किया जिसमें लगभग 150 से अधिक लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवायी एवं मोतियाबिंद चिन्हित 66 मरीजों को ऑपरेशन के लिए सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय भोपाल रवाना किया गया अस्पताल आने जाने की बस सुविधा आवास भोजन चश्मा ड्रॉप एवं लेंस प्रत्यारोपण पूर्णतः निशुल्क है।

सामाजिक समस्या विषय पर व्याख्यान तथा कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखननगर में सामाजिक समस्या समाधान पर विशेष कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य डॉ.नीता चौबे के निर्देशन में किया गया,मुख्य वक्ता श्री राजकुमार शास्त्री जी ,गायत्री परिवार,माखन नगर ने अपना उद्धबोधन दिया उन्होंने कहा कि हर बुराई स्वयं से शुरू होकर अंत में सामाजिक समस्या का रूप ले लेती हे। इसके साथ ही नशे के दुष्प्रभाव,कुप्रथाओं को भी बताया 1 इन सामाजिक समस्याओं को दूर करने के साथ ही अपना आईडियल कैसा हो उदाहरण देकर समझाया 1 इसके साथ ही महाविद्यालय में कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सायबा बानो खान,द्वितीय स्थान पर ऋचा पाल तथा तृतीय स्थान पर आस्था अग्रवाल रही। दोनों गतिविधियों में कार्यक्रम अधिकारी डॉ.कविता दुबे, श्रुतिका कांसकार, सुश्री शीतल वर्मा, सुश्री शिवानी मालवीय का सराहनीय योगदान रहा कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता के निर्णायक नरोत्तम सिंह चौहान तथा दिनेश कुमार रहे अन्य व्यवस्था अशोक मेहरा ने संभाली। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी डॉ.धर्मेंद्र सिंह चौहान ने किया डॉ.मनीष शर्मा ने दिया

नाले में गिरी गाय भविष्य में हो सकती यहां बड़ी दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



दफाई मोहल्ला पटेल रोड पब्लिक शौचालय के समीप मोड़ पर गंदा पानी निकासी के लिए एक गहरा नाला बना है। मोहल्ले वालों ने बताया कि यह नाला कई वर्षों से खुला हुआ है। इसके आस पास कोई दीवार नहीं है न ही नाले के ऊपर किसी जाली से बंद किया गया है। कोई सपोर्ट भी नहीं है ,आए दिन कोई न कोई जानवर उस नाले में गिरता रहता है। वाहनों का आना जाना भी मोहल्ले में लगा रहता है। नाला खुला होने से भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है क्योंकि वह नाला सड़क के मोड़ पर है। छावनी परिषद को किसी बड़ी घटना दुर्घटना होने से पहले जन समस्या का समाधान करना चाहिए। ताकि भविष्य में होने वाली घटना दुर्घटना से बचाव किया जा सके।

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत हुई खेल स्पर्धा

माखन नगर। सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत होने वाली विभिन्न विधाओं के अंतर्गत 12 अक्टूबर 2026को महाविद्यालय स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर नीता चौबे के मुख्य आतिथ्य व मार्गदर्शन में प्रतियोगिताएं आयोजित की ।पिट्ठू,बाल सहित खेल मैदान का पूजन किया गया महाविद्यालय क्रीड़ा अधिकारी डॉ राजकुमार पटवा व डा कविता दुबे द्वारा प्राचार्य डा नीता चौबे को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया, तत्पश्चात पिट्ठू खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। पिट्ठू के बाद बैडमिंटन महिला पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, बैडमिंटन प्रतियोगिता में कीड़ा प्रभारी डॉक्टर आई एस कनेश का स्वागत डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह चौहान व डा मनीष शर्मा द्वारा किया गया जिसमें कालेज के सभी खिलाड़ियों सहित अन्य छात्र -छात्राओं ने भी भाग लिया।

पिपरिया में नवरात्रि मेलों की अनुमति, सुरक्षा पर उठे सवाल, कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नगरपालिका परिषद क्षेत्र में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर लगाए गए मेलों को लेकर स्थानीय नागरिकों, दुकानदारों और मीडिया में भारी आक्रोश व्याप्त है। राजनीतिक दबाव के चलते शहर के अत्यधिक व्यस्त और संवेदनशील इलाकों में मेलों के आयोजन की अनुमति दिए जाने से आम जनता का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

जनता के कड़े विरोध और सुरक्षा संबंधी चिंताओं को नजरअंदाज करते हुए राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन की सहमति से मेले में 'मौत का कुआं' और बड़े-बड़े झूले लगाने की अनुमति दी गई है। एक तरफ अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) आकिप खान द्वारा डीजे पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया गया था, वहीं दूसरी ओर कई जगहों पर दुर्गा प्रतिमा स्थापना के दौरान धड़ल्ले से डीजे का उपयोग किया गया। प्रशासनिक आदेशों के इस प्रकार खुलेआम उल्लंघन से अधिकारियों की हठधर्मिता साफ झलकती है। घनी आबादी और मेलों की भारी भीड़ के कारण महिलाओं, किशोरियों और युवतियों का निकलना दूभर हो गया है। स्थानीय लोगों ने अंदेशा जताया है कि इस प्रकार की अव्यवस्था छेड़छाड़ जैसी घटनाओं को बढ़ावा दे सकती है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कड़ा रुख अपनाया है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने इस संबंध में स्पष्ट किया है कि नागरिकों की सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर शासन-प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और यदि व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो मेलों की अनुमति तुरंत निरस्त कर दी जाएगी।

पेंशनरों ने अर्जित अवकाश भुगतान करने ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

पेंशन वेलफेयर एसोसिएशन तहसील शाखा माखन नगर के अध्यक्ष आर एच चौरे संरक्षक श्री एस एल चौरे एच के शहदावत तथा ऐन पी तेनगुरिया सचिव हरिओम मालवीय, रमेश प्रसाद साहू मनोहर शर्मा, नंदकिशोर चौबे अशोक प्रजापति,अनूप मिश्रा द्वारा तहसीलदार एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद माखननगर को नगर परिषद से सेवानिवृत हुए पांच कर्मचारियों का अर्जित अवकाश एक मुश्त राशि भुगतान करने के संबंध में आज ज्ञापन कलेक्टर महोदय के नाम तहसीलदार एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सोपा गया । ज्ञात हो कि नगर परिषद के पांच कर्मचारी मनोहर शर्मा रमेश प्रसाद साहू हरिओम मालवीय शाहिद अंजुम नंद किशोर चौबे अपनी सेवा निवृत्ति के बाद से ही अर्जित अवकाश की मांग मुख्य नगर पालिका अधिकारी से करते आ रहे हैं परंतु मुख्य सीएमओ द्वारा एक मुश्त राशि भुगतान नहीं की गई मात्र दस हजार रू महीने का भुगतान किया जाता है जो कि सेवानिवृत कर्मचारियों के साथ अन्याय है।

कोई काउंटर लगाकर तो कोई बिना काउंटर कर रहा देवीभक्तों की सेवा



सोहागपुर। शारदीय नवरात्र पर्व के दौरान प्रतिदिन हजारों देवी भक्ति पैदल सलकनपुर के मां विजयासन धाम की ओर जा रहे हैं। इन भक्तों के स्वागत, सत्कार, स्वल्पाहार अथवा फलाहार के लिए क्षेत्र में जगह-जगह काउंटर लगाए गए हैं। कहीं आमजन काउंटर के माध्यम से तो कहीं घर अथवा दुकानों के सामने सामान्य रूप से ही देवी भक्तों की सेवा कर रहे हैं। भक्ति के इस अद्भुत माहौल के चलते पूरा वातावरण भक्तिमय हो चुका है।

आंगनबाड़ी में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

आंगनबाड़ी वार्ड नंबर 03 मे अन्तर्राष्ट्रीय बालिका उत्सव मनाया गया। नवरात्र के इन दिनों में छोटी छोटी बच्चियों (कन्याओं) को माता स्वरूप में पूजा जाता है। गीता श्रीवास ने आंगनबाड़ी में बच्चियों को चुनरी उड़ाकर तिलक लगाकर आरती उतारी। पर्यवेक्षक रजनी वर्मा द्वारा महिलाओं को बालिका उत्सव क्यों मनाया जाता है उसके बारे में जानकारी दी महिलाओं को समझाइश दी। बेटियों का विवाह 18 वर्ष से कम उम्र में न करे। कम उम्र में बच्चियों का मानसिक विकास नहीं हो पाता ऐसी स्थिति में शादी करने से भविष्य में बेटियों को कई परेशानियो का सामना करना पड़ता है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा बालिकाओ को चम्मच गिलास कटोरी उपहार में दी गई। ममता सिस्टर ने भी कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को समझाइश दी। आंगनबाड़ी सहायिका सुषमा रैदास भी उपस्थित रहीं।

श्री राम नाट्य समिति द्वारा की गई पुष्प वाटिका व धनुष यज्ञ प्रसंगों की भावनात्मक प्रस्तुति

मंचनः श्रीराम ने तोड़ा शिव धनुष, जानकी ने पहनाई वरमाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



श्रीराम नाट्य समिति सोहागपुर द्वारा प्रतिदिन गांधी चौक स्थित रामलीला मंच पर श्रीराम प्रसंग पर आधारित लीलाओं की प्रस्तुति दी जा रही है। जिसमें सोमवार रात राम तथा लक्ष्मण का पुष्प वाटिका भ्रमण, रावण-बाणासुर संवाद तथा श्रीराम द्वारा शिव धनुष तोड़ने के प्रसंग प्रस्तुत किए गए। श्रीराम नाट्य समिति सोहागपुर के अध्यक्ष अनिल जैन व सचिव अखिलेश मालवीय ने बताया कि समिति संरक्षक आचार्य पंडित अरविंद सहारिया एवं एमएल स्वामी के मार्गदर्शन में सोमवार को अति भावनात्मक प्रस्तुतियां समस्त पात्रों के द्वारा दी गई। मुख्य रूप से रावण-बाणासुर संवाद में दोनों पात्रों द्वारा दी गई प्रस्तुति को उपस्थित दर्शकों ने बहुत सराहा। इसके बाद प्रभु श्रीराम ने शिव धनुष तोड़ा एवं जनक नंदिनी सीता ने राम को वरमाला पहनाई। दिवस के मंचन का विश्राम श्रीराम परशुराम संवाद से हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। रात्रि एक बजे लीला का विश्राम हुआ।

श्रीराम नाट्य समिति से प्राप्त जानकारी अनुसार दिवस के अतिथि रूप में वरिष्ठ मंगलसिंह रघुवंशी, समाजसेवी कृष्णा पालीवाल, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह, कांग्रेस नेता चुन्नीलाल मुदगल, अधिवक्ता संघ सोहागपुर से संजय तिवारी मातापुरा, प्रांजल तिवारी, बृजेश सोनी, शिवकुमार पटेल, देवांशु शर्मा, भरत तिवारी, सोहागपुर व्यापारी संघ से अध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल, मनोज अग्रवाल, प्रशांत सोनी, प्रशांत मालवीय, दीपक साहू, संजय दीक्षित, पंडित नीलेश शर्मा, कांग्रेस नेता नीरज चौधरी, कांग्रेस नगर निकाय प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष ऋषभ दीक्षित, रीतेंद्र सिंह राजपूत, शरद चौरसिया, आनंद साहू, विक्रम चौरसिया, नीलेश खंडेलवाल, पार्षद गौरव पालीवाल, सोहागपुर भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष सौरभ सोनी आदि उपस्थित थे।

मां दुर्गा के नवरूपों की उपासना जारी



नर्मदापुरम। शहर में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर चारों ओर भक्तिमय और उत्साह का माहौल है। शहर के प्रमुख देवी मंदिरों जैसे खेड़ापति माता मंदिर सहित विभिन्न जिमी और पंडालों में माँ भगवती की आराधना, घट स्थापना और दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

नवरात्रि पर्व पर घरों में हुई घट व जवारे की पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र सहित नगर पालिका परिषद क्षेत्र में आज भी लोगों ने ज्वारे एवं घट स्थापना कर अखंड दीपक जलाकर महाआरती कर अन्नकूट महोत्सव आदि अनेक लोग आरती में शामिल होकर आशीर्वाद लें रहें हैं।आज वर्तमान में लोगों के द्वारा प्रतिमा स्थापित करने हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है। लेकिन पूर्व में अनेक वर्षों से जो परंपरागत तरीके से ज्वारे एवं घट स्थापना कर अखंड दीपक जलाकर सेवा आरती की जाती रही है।वह आज भी लगातार सेवा चल रही है। पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजीव जायसवाल के प्रतिष्ठान पर अनेकानेक वर्षों से देखा जा रहा है कि वह दोनों नवरात्रों में मां दुर्गा प्रतिमा पीतल की स्थापना कर अखंड दीपक जलाकर ज्वारे की स्थापना करते हैं। दोनों समय सुबह शाम को महाआरती होती है। जिसमें सभी परिवार जनों की उपस्थिति रहती है। पंडित वीरेंद्र पुरोहित के द्वारा पूजा अर्चना कराते हुए दुर्गा पाठ किया जाता है। परिवार के लोगों को परिवार सहित शामिल करते हुए मुख्य यजमान के द्वारा पूजा अर्चना की जाती है। इसी तरह से अनेकानेक जगहों पर अभी भी पुरानी परंपराओं का निर्वाहन किया जा रहा है।

खबर संक्षेप



भाजपा महिला मोर्चा ने जलाया कांग्रेस सांसद का पुतला

हरदा। भाजपा महिला मोर्चा ने सोमवार को हरदा के सब्जी मंडी चौक पर कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल अकोइजम का पुतला जलाकर प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष योगमाया शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर कार्रवाई की मांग की। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष योगमाया शर्मा ने आरोप लगाया कि जेएनयू की छात्राओं ने सांसद अंगोमचा बिमोल अकोइजम के खिलाफ मौखिक और शारीरिक शोषण की शिकायत की थी। विश्वविद्यालय की आंतरिक समिति की जांच में ये आरोप सही पाए गए। इसके बाद उन्हें प्रोफेसर पद से हटा दिया गया और दिल्ली पुलिस ने भी मामला दर्ज किया है।आरोपों के खिलाफ महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान महिमा विष्णोई, रेखा पटेल, मीना ओझा, बुलबुल राजपूत, नम्रता पुजारी, शशि शर्मा, विनिता शुक्ला, नंदा बड़नेरे, हंसा पंडित, यमुना गुर्जर, मीरा कुचबंदिया, रीना प्रजापति, ओमवती उइके, विजयश्री चौरसिया, सरला केवट, संध्या राठौर, गिरजा सोलंकी, रेखा सोलंकी, तुलसा सोलंकी और राखी मिश्रा सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

जानकारी देने शिविर आज लगेगा

हरदा। विमुक्त, घुमंतु व अर्द्धघुमन्तु समुदायों को शासकीय योजनाओं की जानकारी देने तथा उन्हें योजनाओं का लाभ प्रदाय करने के उद्देश्य से शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग कल्याण विवेक सिंह ने बताया कि विमुक्त, घुमंतु व अर्द्धघुमन्तु समुदायों की समस्याओं के निराकरण व शासन की योजनाओं का लाभ प्रदाय करने के उद्देश्य से आज 14 अक्टूबर को हरदा तहसील परिसर शिविर का आयोजन किया जाएगा।

स्कूल वैन में गैस भरते में लगी आग, हादसा टला



हरदा। जिला मुख्यालय की कृषि उपज मंडी में मंगलवार सुबह घरेलू गैस सिलेंडर से खाली स्कूल वैन में गैस भरते समय अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि पूरी वैन जलकर खाक हो गई। इसकी चपेट में मंडी की एक दुकान में रखा सामान भी जल गया। घटना के दौरान वैन खाली थी, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना मंगलवार सुबह करीब 11 बजे की है। स्थानीय लोगों की सूचना पर फायर ब्रिगेड करीब 20 मिनट बाद मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। इस दौरान वैन का चालक मौके से भाग गया। प्रत्यक्षदर्शी अशोक राठौर ने बताया कि घटना उनके ऑफिस के पीछे हुई। मंडी प्रशासन ने पंचनामा बनाकर वैन और सिलेंडर पुलिस को सौंप दिए हैं। सिटी कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। फरार चालक की तलाश जारी है।

अवैध मदिरा के विरुद्ध 9 प्रकरण दर्ज

हरदा। आबकारी विभाग के दल ने गत दिवस को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्रवाइ की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने जिले के ग्राम आदमपुर, नांदरा, गोगिया, करताना, बिच्छापुर, पोखरनी, पीलियाखाल हरदा व टंकी मोहल्ला हरदा में दबिश दी। दबिश के दौरान 3 बोल्ट बीयर केन, 41 पाव देसी मदिरा प्लेन, 5 पाव देसी मदिरा मसाला, 11 लीटर महुआ शराब व 920 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त कर आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 9 प्रकरण दर्ज किये गये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 98271 रूपये है।

फरार आरोपी की गिरफ्तारी पर 5 हजार का इनाम घोषित

खरगोन। पुलिस अधीक्षक रविंद्र वर्मा ने थाना चैनपुर में दर्ज अपराध क्रमांक 264/2026 में फरार आरोपी बच्चन पिता धरमसिंह जाति सिकलीगर, निवासी सिंगनूर, थाना गोगावां की गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। 26 अगस्त को मुखबिर की सूचना पर ग्राम तितन्या करनिया फाटे के पास पुलिस ने मोटरसाइकिल पर सवार संदिग्ध को रोकने का प्रयास किया था। इस दौरान आरोपी ने अपना नाम गणेश जायसवाल निवासी भीकनगांव बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से देसी पिस्टल, मैगजीन एवं दो जिंदा कारतूस बरामद हुए थे। बरामद हथियारों के संबंध में आरोपी को गिरफ्तार कर थाना चैनपुर में आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान गिरफ्तार आरोपी ने उक्त हथियार फरार आरोपी बच्चन पिता धरमसिंह निवासी सिंगनूर, थाना गोगावां से खरीदना बताया। तभी से आरोपी की तलाश की जा रही है, लेकिन अब तक उसका पता नहीं चल सका है। पुलिस अधीक्षक ने फरार आरोपी की गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। सूचना देने अथवा गिरफ्तारी में सहयोग करने वाले व्यक्ति को पुरस्कृत किया जाएगा।

कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं

किसी ने अतिक्रमण तो किसी ने की बिजली बिल अधिक आने की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित ह्यजनसुनवाईह्ल कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अनुपमा चौहान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरोत्तम भार्गव,डिप्टी कलेक्टर श्वेता बम्होरे एवं असवनराम चिरामन सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।जनसुनवाई में ग्राम जिजगांव खुर्द निवासी कैलाश पिता जागेश्वर ने दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनवाने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग को आवेदक की पात्रता का परिक्षण कर पात्रता अनुसार दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनवाने के निर्देश दिये। ग्राम मगरधा निवासी नरेन्द्र गौर ने अपनी कृषि भूमि से अतिक्रमण हटवाने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर तहसीलदार हरदा को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। हरदा निवासी शरीफ खां ने जनसुनवाई में आवेदन देकर अपनी पुट्टी मशीन व ग्लेण्डर मशीन का किराया भुगतान कराने तथा मशीन वापस दिलाने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर श्रम पदाधिकारी हरदा को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। हरदा निवासी ओमप्रकाश शर्मा व अनिल मालवीया ने विद्युत बिल अधिक आने के संबंध में शिकायत की, जिस पर विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारी को आवेदकों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये।

जनसुनवाई में हरदा निवासी कृष्ण कुमार बांके ने ग्राम पंचायत छीपानेर में लगाये गये सीसी टीवी कैमरे का भुगतान न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत टिमरनी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। ग्राम ढेगाढाना निवासी बच्चू यादव ने गांव में हेण्डपम्प लगवाने हेतु आवेदन दिया, जिस पर कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को ग्रामीणों की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में सेवा निवृत्त शिक्षक तुलसीराम अहिरवार ने सेवा निवृत्ति उपरान्त मिलने वाली राशि का भुगतान न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी को प्रकरण की जांच कर आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये।

कलेक्टर ने ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहाँ की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर जैन ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

व्यापारियों ने दिया ज्ञापन

युवकों के साथ विवाद से नाराजगी कार्रवाई करने की मांग की गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

व्यापारी, प्रबुद्धजन और सिंधी समाज के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को एसपी शशांक को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने त्योहारों में शांति व्यवस्था बनाने और सिंधी समाज के युवकों के साथ विवाद पर कार्रवाई की मांग की। एसपी ने आश्वासन दिया कि भयमुक्त समाज बनाना पुलिस की प्राथमिकता है। त्योहारों में अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए दुर्गा उत्सव और गरबा स्थलों पर सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। शहर के संवेदनशील जगहों पर सीसीटीवी लगाने के लिए सामाजिक सहयोग पर सहमति बनी। एसपी ने व्यापारियों से प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कम से कम एक कैमरा सड़क की ओर हो, ताकि पुलिस को जानकारी मिल सके। पुलिस ने गरबा समितियों से भी सीसीटीवी से सुरक्षा मजबूत करने को कहा। ज्ञापन सौंपने वालों में कैट के जिला अध्यक्ष सरगम जैन, स्वदेशी जागरण मंच के प्रतिनिधि रविलाल पटेल, नरेंद्र राठी, जिला संयोजक डॉ. एल.एन. पाराशर, हिंदू उत्सव समिति के मुन्नालाल धनगर और सौरव तिवारी सहित सिंधी समाज के नंदलाल तेजवानी, सुरेश विधानी, सुरेश रमानी, नगर पालिका एल्डरमैन नवीन असरानी, कन्हैया धमनानी, मनोज केसवानी और जयपाल धमेजा शामिल रहे।

विद्युत से सजी झांकी आकर्षण का केंद्र

अग्रवाल समाज ने निकाली अग्रसेन जयंती पर भव्य शोभायात्रा, जयकारों से गूंजा शहर



खरगोन। अग्रवाल समाज द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती के पावन अवसर पर भव्य शोभायात्रा एवं जुलूस निकाला गया। शोभायात्रा में समाज के लोगों ने उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, सामाजिक एकता और उत्सव का माहौल देखने को मिला। शोभायात्रा में महाराजा अग्रसेन के जयकारों के साथ समाजबंधुओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। आकर्षक साज-सज्जा और उत्साहपूर्ण वातावरण ने आयोजन को विशेष बना दिया। समाज के महिला, पुरुषों एवं युवाओं की भागीदारी ने कार्यक्रम की भव्यता बढ़ाई। महाराजा अग्रसेन के आदर्शों, समाजसेवा, समानता, सहयोग और आपसी भाईचारे के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम ने सामाजिक एकता का संदेश दिया। अग्रवाल समाज के इस आयोजन ने महाराजा अग्रसेन के विचारों और सिद्धांतों के प्रति समाज की आस्था को प्रदर्शित किया। शोभायात्रा के माध्यम से समाज ने एकजुटता और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण का संदेश दिया।

महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा ने सामाजिक सद्भाव, परंपरा और एकता की भावना को और मजबूत किया। दशरथ अग्रवाल बताते है कि हमारे महाराजाधीराज परम पूज्य श्री 1008 श्री अग्रसेन महाराज जी की 5211 वीं जयंती के शुभ अवसर पर महाराज की भव्य शोभायात्रा शाम को 6 बजे प्रिया यशवंत लाइब्रेरी के पास से प्रारंभ होकर बीस्टन रोड सीता मंगल भवन पहुंची। निरंजन लाल, गुरुद्वारा युवा संगठन,जैन समाज के साथ कई जगह स्वागत किया गया। अध्यक्ष राजू अग्रवाल सचिव राकेश जैन युवा अध्यक्ष पिंकेश गोयल सचिव विकास मित्तल, महिला अध्यक्ष मधु अग्रवाल, सचिव मीनल अग्रवाल एवं समस्त अग्रवाल एवं जैन समाज उपस्थित रहा।

बोरी गांव के किसानों ने पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल से लगाई गुहार

अफसरों को फसल के सर्वे, मुआवजा व खाद वितरण के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

अल्पवर्षा के कारण फसलें खराब होने और सोसायटी से खाद नहीं मिलने की समस्या को लेकर टिमरनी विधानसभा क्षेत्र के आदिवासी किसानों ने मंगलवार को हरदा पहुंचकर पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल से मुलाकात की। रहटगांव तहसील की ग्राम पंचायत बोरी के किसानों ने उन्हें अपनी समस्याएं बताते हुए खराब फसलों का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने और समय पर खाद उपलब्ध कराने की मांग की। किसानों की समस्याएं सुनने के बाद कमल पटेल ने कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। भाजपा सोशल मीडिया हरदा विधानसभा के सह संयोजक आशुतोष पाराशर ने बताया कि ग्राम बोरी के आदिवासी किसान मांगीलाल, रामस्वरूप, दुलाराम, समशेरसिंह, नारायण, भोदीसिंह, कल्लू, रमेश, तुलसीराम, सुतलाल, जगदीश, रामप्रसाद, मोजीलाल और मुनेलाल सहित अन्य किसान पूर्व कृषि मंत्री के कार्यालय पहुंचे थे।

सोयाबीन की फसलें खराब

किसानों ने बताया कि ग्राम बोरी में अधिकांश आदिवासी परिवार खेती पर निर्भर हैं। इस वर्ष अल्पवर्षा के कारण मक्का, धान और सोयाबीन की फसलें नष्ट हो गई हैं। इससे किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। खेती से होने वाली आय प्रभावित होने के कारण परिवारों के सामने आगे की जरूरतों को पूरा करने की चिंता भी बढ़ गई है। किसानों ने मांग की कि ग्राम बोरी में खराब हुई फसलों का तत्काल सर्वे कराया जाए, ताकि नुकसान का आकलन कर उन्हें नियमानुसार मुआवजा मिल सके। उन्होंने फसल नुकसान के आधार पर राहत दिलाने की मांग भी रखी।

सोसाइटी से नहीं मिल रहा खाद

किसानों ने फसल नुकसान के साथ खाद की समस्या भी उठाई। किसान नारायण पिता ज्ञानसिंह ने बताया कि उन्होंने प्राथमिक कृषि साख सहकारी मर्यादित राजाबरारी में खाता खुलवाया है, लेकिन इसके बावजूद उन्हें सोसाइटी से खाद नहीं मिल रहा है। खाद की अनुपलब्धता के कारण खेती का काम प्रभावित हो रहा है।नारायण ने बताया कि उनके अलावा करीब 10 से 15 अन्य किसान भी ऐसे हैं, जिनके खाते राजाबरारी सोसायटी में खुले हैं, लेकिन उन्हें खाद नहीं मिल पा रहा है। किसानों ने समय पर खाद उपलब्ध कराने की मांग की, ताकि खेती से जुड़े जरूरी काम प्रभावित न हों।

निराकरण के निर्देश

किसानों की समस्याएं सुनने के बाद पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल ने कृषि विभाग और सहकारिता विभाग के अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने किसानों की खराब हुई फसलों का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि जिन किसानों की फसलों का बीमा है, उन्हें पात्रता के अनुसार फसल बीमा योजना का लाभ दिलाने की कार्रवाई की जाए। कमल पटेल ने सोसायटी के माध्यम से खाद वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए, ताकि पात्र किसानों को समय पर खाद मिल सके। अब किसानों को फसल सर्वे, मुआवजे और खाद उपलब्ध कराने के संबंध में विभागीय कार्रवाई का इंतजार है।

कलेक्ट्रेट सभागृह में कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा कर दिए निर्देश

'खेलो खरगोन' प्रतियोगिता की बनेगी कार्ययोजना, खिलाड़ी लेंगे भाग

खरगोन। कलेक्टर गुरु प्रसाद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागृह में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री प्रसाद ने गत दिवस एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मेनगांव के निरीक्षण के दौरान प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की तथा उनके निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में 'खेलो खरगोन' खेल प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री प्रसाद ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। प्रतियोगिता में 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागी शामिल होंगे। इसके लिए प्रत्येक विकासखंड स्तर पर चयन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। विकासखंड स्तर पर चयनित खिलाड़ियों के बीच जिला स्तरीय



प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को आकर्षक नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। बैठक में कलेक्टर प्रसाद ने वनाधिकार अधिनियम के अंतर्गत लंबित दावों की समीक्षा करते हुए सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने मिशन बेंचमार्क के तहत शैक्षणिक संस्थानों में फर्नीचर की मांग एवं उपलब्धता की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही अपार आईडी निर्माण तथा विद्यालयों में टॉपर बोर्ड स्थापित करने की प्रगति की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में ग्राम पंचायतों एवं नगरीय क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही पंचायतों में निर्मित की जा रही दुकानों की स्थिति की जानकारी लेकर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर प्रसाद ने समग्र ई-केवाईसी, आयुष्मान कार्ड बनाने तथा फूड बास्केट वितरण की प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर प्रसाद ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। बैठक में अपर कलेक्टर रेखा राठौर, जिला पंचायत सीईओ मिलिंद कुमार नागदेवे, डिप्टी कलेक्टर प्रताप कुमार अगास्या, दिनेश सोनरतिया, सभी एसडीएम सहित जिला अधिकारी मौजूद रहे।

कपास खरीदी के लिए स्लॉट बुकिंग शुरू

खरगोन। भारतीय कपास निगम लिमिटेड , इंदौर शाखा द्वारा विपणन सीजन 2026-27 के अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कपास खरीदी का कार्य 15 अक्टूबर 2026 से प्रारंभ किया जाएगा। खरीदी प्रक्रिया को सुगम, पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाने के लिए किसानों को कपास विक्रय के लिए ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। कपास विक्रय के लिए स्लॉट बुकिंग की सुविधा 13 अक्टूबर को सुबह 9:30 बजे से प्रारंभ होगी। किसान आगामी 14 दिनों के लिए अपने स्लॉट की बुकिंग करा सकेंगे। स्लॉट बुकिंग की व्यवस्था रोलिंग आधार पर रहेगी, जिसके तहत आगे की अवधि के लिए भी निर्धारित व्यवस्था के अनुसार स्लॉट उपलब्ध होंगे। ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग की व्यवस्था से कपास खरीदी केंद्रों पर किसानों को सुविधा मिलेगी तथा मंडियों में अनावश्यक भीड़ से बचने में मदद मिलेगी। इससे खरीदी प्रक्रिया को अधिक व्यवस्थित बनाने में भी सहायता मिलेगी। मंडी प्रशासन ने जिले के समस्त किसान बंधुओं से अनुरोध किया है कि वे भारतीय कपास निगम को कपास विक्रय करने के लिए निर्धारित तिथि एवं समय पर ऑनलाइन स्लॉट बुक करें। किसान स्लॉट बुकिंग में निर्धारित तिथि के अनुसार ही खरगोन जिले की मंडी समितियों में कपास विक्रय के लिए लेकर आएं, जिससे खरीदी प्रक्रिया व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

खेतों में झूल रहे बिजली के तार, टूटे खंभों से हादसे का खतरा

कटौती से किसान परेशान, गेहूं-चने की बोवनी का पलेवा करने में दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

ग्राम बालागांव के खेतों में बिजली व्यवस्था की बदहाली से किसान परेशान हैं। खेतों में कई जगह बिजली के तार नीचे तक झूल रहे हैं, वहीं कुछ बिजली के खंभे नीचे से टूट चुके हैं और तारों के सहारे टिके हुए हैं। इससे खेतों में काम करने वाले किसानों और कृषि कार्यों के दौरान हादसे का खतरा बना हुआ है। किसानों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद बिजली विभाग ने समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया है।

किसानों के अनुसार, खेतों में झूलते बिजली के तार और जर्जर खंभे कृषि कार्यों में बाधा बन रहे हैं। फसल कटाई के दौरान हार्वेस्टर और अन्य कृषि मशीनों को खेतों तक ले जाने में भी परेशानी होती है। नीचे लटकते तारों के कारण मशीनों के उनसे टकराने और दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते तारों को ऊंचा नहीं किया गया और टूटे खंभों को नहीं बदला



गया तो कोई गंभीर हादसा हो सकता है। किसानों का कहना है कि बिजली के झूलते तारों और टूटे खंभों की समस्या को लेकर वे बिजली विभाग में कई बार मौखिक और लिखित शिकायत कर चुके हैं। इसके बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। खेतों में कृषि कार्य के दौरान बिजली के तारों से खतरा बना रहता है, जिससे किसानों को सावधानी बरतते हुए काम करना पड़ता है। खेतों में बिजली के तारों और खंभों की समस्या के साथ ही किसान अनियमित बिजली आपूर्ति से भी परेशान हैं। किसानों के अनुसार, सरकार की ओर से दिन में 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की बात कही जाती है, लेकिन उन्हें पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। इससे सिंचाई के साथ आगामी गेहूं और चने की फसलों की बोवनी के लिए खेत तैयार करने तथा पलेवा करने में दिक्कत आ रही है। किसानों का कहना है कि रबी सीजन में समय पर खेत तैयार करना जरूरी है। इसके लिए पर्याप्त बिजली मिलना आवश्यक है, लेकिन बार-बार बिजली कटौती होने से सिंचाई का काम प्रभावित हो रहा है। यदि समय पर पलेवा नहीं हो पाया तो बोवनी की प्रक्रिया में भी देरी हो सकती है।

किसानों ने की सुधार की मांग

ग्राम बालागांव के किसानों ने बिजली विभाग से मांग की है कि खेतों में नीचे झूल रहे बिजली के तारों को तत्काल ऊंचा किया जाए और टूटे हुए खंभों को बदलकर सुरक्षित व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही बिजली आपूर्ति में सुधार कर किसानों को निर्धारित समय के अनुसार पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराई जाए। किसानों का कहना है कि बिजली व्यवस्था में सुधार केवल खेती के काम को सुचारु बनाने के लिए ही नहीं, बल्कि खेतों में काम करने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए भी जरूरी है। उन्होंने विभाग से समय रहते कार्रवाई कर समस्या का स्थाई समाधान करने की मांग की है।